कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 06.09.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
नवप्रवेशी छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बी.कॉम., बी.ए., बी.एससी. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

इसमें सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय से संबंधित समस्त जानकारी दी गयी। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि नवप्रवेशी छात्राओं को महाविद्यालयीन गतिविधियों, विश्वविद्यालयीन एवं उच्च शिक्षा विभाग की विभिन्न जानकारी देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए पाठ्यक्रम, परीक्षा और अनुशासन, शैक्षणेत्तर गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होनें छात्राओं से परिसर को साफ–सुथरा रखने तथा व्यक्तित्व विकास एवं कॅरियर–गाईडेंस के तथा कौशल विकास के कार्यक्रम में सहभागिता लेने का आव्हान किया।

महाविद्यालय में इस सत्र से विज्ञान संकाय में संचालित स्टॅार कॉलेज योजना के विषय में भी जानकारी दी।

महाविद्यालय की आई0क्यू0ए0सी0 प्रभारी डॉ. अमिता सहगल ने भी महाविद्यालय की उपलब्ध सुविधाओं पर प्रकाश डाला। एनएसएस, यूथ रेडक्रॉस, मेडिकल सेंटर, प्लेसमेन्ट सेल, वुमेन सेल आदि की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होनें आंतरिक मूल्यांकन एवं फीडबैक प्रणाली पर भी चर्चा की।

महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने विभिन्न खेलों के लिए उपलब्ध सुविधाओं एवं प्रतियोगिताओं पर छात्राओं को जानकारी। ग्रंथपाल श्रीमती रीता शर्मा ने ग्रंथालय के नियमों एवं सुविधाओं पर चर्चा की।

छात्राओं को बताया गया कि वे कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहे तथा 75 प्रतिशत उपस्थिति परीक्षा में शामिल होने के लिए आवश्यक है। छात्राओं को स्वीप कार्यक्रम एवं कोविड टीकाकरण की भी जानकारी दी गई।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
नवप्रवेशी छात्राओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम